Dainik Jaghran-New Delhi-08-05-2011

पीजी कोर्सों में दाखिला प्रक्रिया एक जून से

दिल्ली विश्वविद्यालय

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : डीयू के स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्सेज में दाखिला प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। पीजी कोर्सों में सेमेस्टर सिस्टम पहले से लागू है। डीयू के साउथ कैंपस निदेशक प्रो. उमेश राय का कहना है कि इस बार स्नातक पाठ्यक्रमों के तकरीबन सभी कोर्सों में सेमेस्टर सिलेबस पास हो चुका है। ऐसे में सभी कोर्सों की दाखिला प्रक्रिया एक समय पर शुरू होने से विवि में छात्रों की पूछताछ संबंधी कॉल कम आएंगी। प्रो. राय बताते हैं कि विवि प्रशासन द्वारा यह कदम शैक्षणिक सुधार की दिशा में उठाया जा रहा है। जिससे सभी कोर्सों में सिलेबस की पढ़ाई समय से पूरी हो सकेगी। साथ ही परिणाम भी निर्धारित शेड्यूल के तहत जारी हो सकेंगे।

दाखिले की मुख्य तिथियां

कोर्स	रजिस्ट्रेशन तिथि	प्रवेश परीक्षा
बौद्ध अध्ययन	1 जून से 8 जुलाई	14 जुलाई
परसियन	1 जुलाई से 15 जुलाई	18 जुलाई
पंजाबी	-----	18 जुलाई
संस्कृत	10 जून से 24 जून	1 जुलाई
उर्दू	13 जून से 24 जून	-----
एमआइएल	20 जून से 8 जुलाई	13 जुलाई
दर्शन शास्त्र	1 से 24 जून	4 जुलाई
लिंग्विस्टिक	13 से 24 जून	28 जुलाई
मनोविज्ञान	24 जून से 8 जुलाई	10 जुलाई
अप्लाइड साइकोलॉजी	23 जून से 07 जुलाई	09 जुलाई
जर्मनिक एंड रोमंस स्टडीज	8 से 30 जून	12 जुलाई
हिंदी	16मई से 13 जून	19 जून
लाइब्रेरी साइंस	16 मई से 22 जून	7 जुलाई
अर्थशास्त्र	16 मई से 15 जून	25 जून
भूगोल	15 मई से 10 जून	20 जून
समाज शास्त्र	1 से 27 जून	5 जुलाई
समाज कार्य	23मई से 20 जून	27 जून
राजनीति शास्त्र	5 से 20 मई	4 जून
इतिहास	23 मई से 03 जून	13 जून
ईस्ट एशियन स्टडीज	6 से 27 जून	4 जुलाई
जैपनीज	6 से 27 जून	6 जुलाई
गणित संकाय (फैकल्टी)	23 मई से 17 जून	3 जुलाई
बायोकेमिस्ट्री	3 से 21 जून	-----
माइक्रोबॉयोलॉजी	3 से 21 जून	-----
प्लांट मोलेक्यूलर बायोलॉजी	1 से 20 जून	27 जून
जेनेटिक्स	23 मई से 24 जून	29 जून
इलेक्ट्रॉनिक्स	1 से 30 जून	5 जुलाई
माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स	1 से 30 जून	2 जुलाई
अंग्रेजी	1से 17 जून	25 जून

(एमएससी के अन्य सभी कोर्सों में दाखिला आवेदन के लिए अंतिम तिथि 23 मई है।)

बिना सेंट्रलाइज्ड फॉर्म के कैसे होगा दाखिला

नई दिल्ली, जासं : डीयू के विभिन्न कोर्सों में दाखिला तिथियों का शेड्यूल जारी होने के बाद तीन दिनों में करीब 2000 छात्रों ने साउथ कैंपस में फोन कर दाखिला संबंधी पूछताछ की। अधिकांश छात्रों की पूछताछ सेंट्रलाइज्ड दाखिला फार्मों को लेकर रही। साउथ कैंपस के डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. दिनेश वार्ष्णेय बताते हैं कि उनके कार्यालय में विभिन्न राज्यों से करीब 600 टेलीफोन कॉल और 1200 कॉल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आई हैं। करीब 200 कॉल्स विदेशों से आ चुकी हैं। पूछताछ के लिए शनिवार को कई कॉल्स उनके घर के नंबर पर आई हैं।

◆ तीन दिनों में करीब 2000 छात्रों ने साउथ कैंपस में फोन कर की दाखिला संबंधी पूछताछ

करीब 300 छात्र उनसे निजी तौर पर आकर दाखिला संबंधी जानकारी के लिए मिले भी हैं।

सभी का एक ही सवाल है कि बिना सेंट्रलाइज्ड फॉर्म के दाखिला कैसे होगा? आपने दाखिला की तारीखें जारी कर दी, लेकिन फॉर्म क्यों नहीं दे रहे? छात्रों को बताया जा रहा है कि इस बार कट ऑफ जारी होते ही वह अपने अंक फीसदी को कट ऑफ लिस्ट के अनुसार मिलाएं। जिस कॉलेज की कट ऑफ उनकी पात्रता के अनुरूप हो। वहां जाकर दाखिला ले लें। दाखिला प्रक्रिया को पहले से सरल बनाया गया है। कट ऑफ सूची जारी होने से पहले छात्रों को किसी प्रकार का दाखिला फॉर्म भरकर, किसी भी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन नहीं करना है। जल्द ही छात्रों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विशेष काउंसलिंग हेल्पलाइन जारी की जाएगी।